**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)**
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email: phdcell@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in, Phone - 0788-2359100

क्र. 2397/पी–एच. डी. प्रकोष्ठ/2023 दुर्ग, दिनांक 27/07/2023

## //शोध केन्द्र/शोधार्थियों को सूचना//

**शोध रूप रेखा RDC के समक्ष प्रस्तुत करने के संबंध में**

विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक–45 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधान अनुसार पी–एच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा 2021 में उत्तीर्ण शोधार्थी या परीक्षा से छूट प्राप्त शोधार्थी/ऐसे शोधार्थी जिन्हें आगामी शोध उपाधि समिति में सम्मिलित होने अनुशंसा की गई हो, उन्हें **शोध रूपरेखा (Synopsis) की 03 मूलप्रति (PDF फार्मेट में CD सहित)** अध्यादेश क्रमांक– 45 के (Appendix-I)/वि.वि. द्वारा निर्धारित प्रारूप अनुसार एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजो सहित जमा करना होगा एवं इस हेतु विभागीय शोध समिति (DRC) के समक्ष शोध रूप रेखा की मौखिक प्रस्तुति देनी होगी जिसमें विभागीय शोध समिति यदि आवश्यक हो तो सिनॉप्सिस में परिवर्तन/संशोधन का सुझाव दे सकती है। इसके पश्चात् ही विभागीय शोध समिति द्वारा अंतिम रूप से मान्य शोध रूपरेखा (Synopsis) को अध्यक्ष विभागीय शोध समिति (Chairman of DRC) द्वारा अग्रेषित किया जायेगा। उक्त अग्रेषित शोध रूपरेखा (Synopsis) को ही विश्वविद्यालय अंतिम रूप से मान्य कर शोध उपाधि समिति (RDC) के समक्ष प्रस्तुत किये जाने रखा जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार **13 विषयों** – हिन्दी, इतिहास, माइक्रोबायोलॉजी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, गणित, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, वाणिज्य, समाजशास्त्र, प्राणी शास्त्र, शिक्षा, भूगोल के शोधार्थियों एवं शोध केन्द्रों को स्पष्ट रूप से यह निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त अध्यादेश के नियमानुसार शोधार्थी के शोध रूप रेखा की मौखिक प्रस्तुति/सिनॉप्सिस में परिवर्तन/संशोधन संबंधित सुझाव हेतु विभागीय शोध समिति की बैठक आयोजित किये जाने एवं तत्पश्चात् शोधार्थियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में शोध रूप रेखा (Synopsis) की हार्डकॉपी की 03 मूलप्रति एवं CD में PDF फार्मेट में शोध रूप रेखा, पंजीयन शुल्क एवं अन्य अनिवार्य दस्तावेजों सहित जमा करने की **अंतिम तिथि दिनांक 16/08/2023** निर्धारित की गई है। उक्त तिथि तक अनिवार्यतः शोध केन्द्र विभागीय शोध समिति की बैठक आयोजित करायें एवं बैठक की सूचना पत्र द्वारा विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से देवें। तत्पश्चात् शोध केन्द्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय प्रमाण पत्र (प्रारूप संलग्न) में शोधार्थी को सिनॉप्सिस मौखिक प्रस्तुति संबंधित प्रमाण पत्र जारी करेंगे। **उक्त प्रमाण पत्र को भी शोधार्थी द्वारा अन्य अभिलेखों पी–एच.डी सेल में अनिवार्य रूप से जमा किया जायेगा।**

उपरोक्त समस्त संबंधित **शोधार्थियों** को निर्देशित किया जाता है कि पी–एच.डी. पंजीयन शुल्क रू. 1500/– का चालान यूको बैंक के खाता क्रमांक 18290110059791 में जमा कर शोध रूपरेखा **(Synopsis)** की 03 मूलप्रति (**PDF** फार्मेट में **CD** सहित) निम्न उल्लेखित अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपर्युक्त निर्धारित तिथि में पी–एच.डी. सेल को उपलब्ध करावें ताकि पंजीयन हेतु शोध उपाधि समिति (RDC) के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

1. पी–एच.डी. रजिस्ट्रेशन फार्म एवं जमा शुल्क रसीद।
2. 10, 12, स्नातक तथा स्नातकोत्तर के प्रत्येक वर्ष की अंक सूची।
3. पी–एच.डी. प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण/कोर्स वर्क परीक्षा का प्रमाण पत्र।
4. एम.फिल अंक सूची (जिसे कोर्स वर्क परीक्षा से छूट प्राप्त हो)।
5. शोध निर्देशक का एक प्रकाशित शोध पत्र।
6. शोध रूपरेखा की 03 मूलप्रति (Ordinance- 45, Appendix-I)/वि.वि. द्वारा निर्धारित प्रारूप अनुसार होना चाहिये।
7. विभागीय शोध समिति द्वारा शोधार्थी हेतु जारी प्रमाण पत्र।
8. पी.–एच.डी. कोर्स वर्क अध्ययनरत अभ्यर्थियों की शोध केन्द्र में उपस्थिति की शोध केन्द्र प्रमुख द्वारा प्रमाणित प्रति ।

**आवश्यकतानुसार :**

9. जाति प्रमाणपत्र
10. गेप सर्टिफिकेट
11. पात्रता (Eligibility) प्रमाणपत्र
12. अनुमति प्रमाणपत्र (NOC)
13. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का नामांकन (Enrollment) प्रमाणपत्र।

**टीपः**—1. पी.एच—डी. शोध रूपरेखा (Synopsis) विभागीय शोध समिति (DRC) के समक्ष आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जावें तथा समिति की अनुशंसा उपरान्त ही चेयरमेन, विभागीय शोध समिति द्वारा अग्रेषित किया जावे।

**कुलसचिव**

पृ. क्र. 9398/ पी—एच. डी. प्रकोष्ठ/2023

दुर्ग, दिनांक 27/07/2023

**प्रतिलिपि—**

1. प्राचार्य, समस्त शोध केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को इस आदेश के साथ सूचनार्थ कि उक्त पत्र से संबंधित शोधार्थियों को अनिवार्य रूप से अवगत करावें एवं शोध केन्द्र के सूचना पटल में लगावें।
2. कुलपति के निज सहायक/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
3. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने सूचनार्थ।

27.7.23

**संचालक,**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद**

## हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001

Email: phdcell@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in, Phone - 0788-2359100

### शोध रूप रेखा RDC के समक्ष रखे जाने
### विभागीय शोध समिति (DRC) द्वारा प्रस्तुत पत्र

प्रामणित किया जाता है कि विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक– 45 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार पी–एच.डी. कोर्स–वर्क परीक्षा से छूट प्राप्त / कोर्स–वर्क परीक्षा पात्र (Eligible) शोधार्थी का शोध केन्द्र ........................................................................................................ में ........................................................................ विषय हेतु दिनांक ............................................ को समय ............................................ बजे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि एवं आदेशानुसार विभागीय शोध समिति की बैठक रखी गई थी। उक्त बैठक में समिति के सदस्यों के समक्ष शोधार्थी ........... ............................................................ की शोध रूप रेखा (Synopsis), जिसका शीर्षक .................................................................. ........................................................................................................................................ है, की मौखिक प्रस्तुति लिया गया एवं सिनॉप्सिस में परिवर्तन / संशोधन संबंधित सुझाव पश्चात् विभागीय शोध समिति द्वारा अंतिम रूप से मान्य कर सिनॉप्सिस को शोध उपाधि समिति(RDC) के समक्ष रखे जाने अध्यक्ष विभागीय शोध समिति Chairman of DRC द्वारा अग्रेषित किया जाता है।

**डी.आर.सी. (DRC) सदस्यों के हस्ताक्षर**

1. नाम ........................................................ हस्ताक्षर ................................................
2. नाम ........................................................ हस्ताक्षर ................................................
3. नाम ........................................................ हस्ताक्षर ................................................

शोध निर्देशक के हस्ताक्षर एवं सील ................................................................................

सह–शोध निर्देशक के हस्ताक्षर एवं सील ..........................................................................

**Chairman of DRC**
**(Signature & Seal)**